—मेल
फैक्स

पत्रांक–2/एम–42/2022–

**बिहार सरकार**

स्वास्थ्य विभाग

**प्रेषक,**

**विद्यानन्द जमादार,**
**सरकार के अवर सचिव।**

**सेवा में,**

**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य**
**चिकित्सा पदाधिकारी, अरवल एवं औरंगाबाद।**

**पटना, दिनांक / /2025**

**विषय : श्रावणी मेला 2025 के अवसर पर जहानाबाद जिला में स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु चिकित्सा पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर जहानाबाद जिला में स्वास्थ्य शिविर लगाने को दृष्टिपथ रखते हुए निम्नांकित सारणी के स्तम्भ–2 में अंकित जिलो के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने जिले के सम्मुख स्तम्भ–3 में अंकित संख्या के अनुसार चिकित्सकों को जहानाबाद जिला में प्रतिनियुक्त करेंगे :–

| **क्र० सं०** | **जिला का नाम जहाँ से प्रतिनियुक्ति की जानी है।** | **चिकित्सकों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | अरवल | 5 |
| 2. | औरंगाबाद | 10 |
| | **कुल** | **15** |

2. उक्त सारणी के स्तम्भ–2 में अंकित दोनों जिलो के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने जिले के सम्मुख स्तम्भ–03 में अंकित संख्या के अनुसार चिकित्सकों को जहानाबाद जिले में प्रतिनियुक्त करते हुए उन्हें अविलम्ब असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद के कार्यालय में योगदान करने हेतु विरमित कर देंगे। प्रतिनियुक्त चिकित्सक असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद के समक्ष अविलंब योगदान करेंगे तथा जिला पदाधिकारी/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद के निर्देशन में कार्य करेंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

**विश्वासभाजन,**

**ह0/–**

**(विद्यानन्द जमादार)**

**ज्ञापांक–2/एम–42/2022–** 1155(2) **पटना, दिनांक** 8/7/**2025**

**प्रतिलिपि :** आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गयाजी/जिला पदाधिकारी, गयाजी/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमण्डल, गयाजी/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** श्री अमीत कुमार, डाटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :** आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के अवर सचिव।**